आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 24 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 50
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

ओंकारेश्वर से धामनोद तक फोरलेन बनेगी



पेज-2

फिल्म 'मैसा' का फर्स्ट लुक जारी



पेज-5

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को राहत



पेज-6

# मंत्रियों की सुनवाई से कार्यकर्ताओं ने मुंह मोड़ा

## मंत्रियों के दिशा-निर्देश पर अफसर नहीं कर रहे अमल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** प्रदेश में कार्यकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई और समाधान के लिए सत्ता और संगठन के समन्वय से भाजपा मुख्यालय में सप्ताह में पांच दिन मंत्रियों के बैठने का प्रावधान किया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि भाजपा का यह नवाचार अब औपचारिका बनकर रह गया है। क्योंकि कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय से मुंह मोड़ लिया है। इसकी वजह यह है कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं के संदर्भ में मंत्रियों ने अफसरों को जो दिशा-निर्देश दिए हैं अधिकांश अफसर उसका पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर ही नेताओं से समाधान की गुहार लगाना शुरू कर दिया है।

गौरतलब है की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने बाद हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को महत्व देते हुए उनकी समस्याओं की सुनवाई के लिए भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों को बैठने का प्रावधान किया है। लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर मप्र भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों की दो घंटे की मौजूदगी तय की गई थी, वह तकरीबन एक पखवाड़े बाद ही आवेदक कार्यकर्ताओं के नहीं पहुंचने से दम तोड़ती नजर आ रही है। गौरतलब है कि सत्ता और संगठन की समन्वय बनाने वाली छोटी टोली की बैठक में तय किया गया था कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं उनके क्षेत्रों से जुड़े मामलों का निराकरण करने के लिए राज्य सरकार के मंत्री सप्ताह में पांच दिन भाजपा दफ्तर में बैठेंगे। इनमें एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री अलग-अलग कक्षों में बैठकर प्रदेश भर से आने वाले कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं और जो तत्काल संभव नहीं हो पाएंगे, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को मंत्रियों द्वारा टीप लिखकर निर्देशित किया जाएगा।





**अफसरों की कार्यप्रणाली से कार्यकर्ता नाराज**- जानकारों का मानना है कि पहले सप्ताह भाजपा और सरकार के इस नवाचार का असर दिखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने दफ्तर पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराया भी, लेकिन धीरे-धीरे यह नवाचार औपचारिक स्वरूप लेने लगा है। इस संबंध में सूत्रों का कहना है कि कार्यकर्ता जिन समस्याओं को लेकर मंत्रियों के पास पहुंच रहे हैं और मंत्री उनकी समस्याओं को निपटाने के लिए संबंधित विभागों या अफसरों को टीप लिख रहे हैं, उन्हें कुछ अधिकारियों द्वारा महत्व नहीं दिया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ता परेशान हो रहा है और अब स्थानीय स्तर पर ही अपने विधायक या मंत्रियों के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण करने के लिए उनके आवासों पर चक्कर लगाना फिर से शुरू कर दिया है।

### अफसरों की कार्यप्रणाली की होगी जांच

मंत्रियों ने इस बात का पता लगाना शुरु कर दिया है कि उनके द्वारा कार्यकर्ताओं के पत्रों पर जो टीप लिखी गई है, उस पर अधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही या प्रयास किया, इसके जानकारी एकत्र करा रहे है। बताया गया है कि यदि मंत्रियों की टीप पर अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया, तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि संगठन ने मंत्रियों से कहा है कि उनके द्वारा अफसरों को जो दिशा-निर्देश दिया गया है, वे उसकी वर्तमान स्थिति का भी जायजा लें और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नजर रखें। अगर कोई अफसर लापरवाही कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी करें।

# प्रशिक्षण के नाम पर लापरवाही सुविधाओं की जगह हुआ भ्रष्टाचार

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

जनपद पंचायत में सेक्टर वाइज ग्राम पंचायत प्रशिक्षण के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार देखने को मिला। ग्राम पंचायत आगरा को सेक्टर के रूप में 14 पंचायत का प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया था। हर ग्राम पंचायत के पंच को दो दिवसीय प्रशिक्षण देना था। प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे का दिया गया था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी खुद 11 बजे पहुंचे, तब तक कोई भी पंचायत में उपस्थित नहीं था।

जैसे ही अधिकारी आए पंजीयन की प्रक्रिया चालू की गई। फॉर्मेट पर पंचों को हस्ताक्षर करने के लिए बोला गया। एक साथ दो दिन के हस्ताक्षर लिए गए, लेकिन शासन के आदेश के अनुसार पंचों को चाय-नाश्ते, भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करना होती है, लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था प्रशिक्षण केंद्र पर नहीं थी, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान बैग, पेन, डायरी देना अनिवार्य था, लेकिन पंचों को नहीं दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण देने आई जनपद पंचायत देपालपुर की रेखा मंडलोई की घोर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने पंचों द्वारा कही गई बातों को सुना-अनसुना कर दिया। पंच पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। यह आरोप ग्राम आगरा वार्ड 1 के पंच चंद्रशेखर धाकड़ ने लगाया है। इतना ही नहीं उन्होंने तत्काल प्रभारी सीईओ कुसुम मंडलोई को फोन कर मामले को अवगत कराया। उन्होंने धाकड़ से कहा कि मैं जांच करवाकर कार्रवाई करती हूं। अगर ऐसा हुआ होगा तो उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भारत पटेल को भी इस मामले में जानकारी दी गई। सूत्रों से पता चला है कि प्रशिक्षण के नाम पर हजारों रुपए के बिल लगाए जाएंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि हमने पंचों को चाय, नाश्ता, भोजन कराया है और सामग्री बांटी है। इसके माध्यम से बिल लगाकर पैसा निकाला जाएगा। अब देखना होगा कि इस मामले में देपालपुर जनपद पंचायत सीईओ कुसुम मंडलोई क्या कार्रवाई करती है या फिर शासन के आदेशों का ऐसे ही मजाक उड़ाया जाएगा? देखा जाए तो प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव और पंचायत के मंत्री प्रहलाद पटेल ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हीं की सरकार में बैठे हैं। कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार की योजनाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। क्या शासन-प्रशासन की योजना अब अधिकारियों को तानाशाह लगने लगी? केवल फॉर्मेलिटी पूरी कर प्रशासन को भी जिम्मेदार कर्मचारियों गुमराह कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि कल के प्रशिक्षण में हुई अवस्थाओं को लेकर कठोर कार्रवाई की जाए।

### समय से 1 घंटा लेट आए जिम्मेदार अधिकारी



# सबसे स्वच्छ शहर के नाले से निकला सोफा-गेट



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** स्वच्छता में आठ बार नंबर वन रह चुके इंदौर में सफाई के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। नाले की सफाई के लिए पहुंचे सफाईकर्मी और पार्षद उस वक्त हैरान रह गए, जब नाले के भीतर से सोफा, दरवाजा और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक निकली। इस पर पार्षद ने लोगों से अपील की कि घरेलू सामान नालों में न डालें, बल्कि नगर निगम की ऐप के माध्यम से उसे सौंपें।

यह घटना एक लॉ कॉलेज के समीप स्थित नाले की है। पार्षद प्रशांत बड़वे जब मौके पर सफाई कराने पहुंचे, तो सफाई मित्रों ने जेसीबी मशीन की जरूरत बताई। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि नाले में पुराना सोफा, गेट, बाल्टियां और बड़ी संख्या में प्लास्टिक की थैलियां फेंकी गई हैं, जिससे सफाई में बाधा आ रही है।

**सफाई करवाई तो निकला पुराना सोफा :** सफाई मित्रों की बात सुनकर पार्षद भी हैरान रह गए। जेसीबी मशीन से नाले की सफाई करवाई गई, तो भीतर से पुराना सोफा, गेट, बाल्टियां और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां निकलीं। पार्षद ने बताया कि कुछ लोग घरेलू सामान प्लास्टिक में भरकर यहां फेंक देते हैं, जिससे सफाई मित्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

- असम के श्रीभूमि से बांग्लादेश नागरिक गिरफ्तार, युवक के पास मिले बांग्लादेशी सिक्के और रुपये
- एलवीएम3-एम6 लॉन्चर से इसरो ने लॉन्च किया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट
- बेंगलुरु : बिकलू शिवा हत्याकांड मामले में सीआईडी ने बायराथी के खिलाफ जारी किया लुकआउट नोटिस
- दिल्ली में दमघोंटू हवा का कहर जारी, आनंद विहार और ओखला फेज-2 में एक्यूआई 350 के पार
- महाराष्ट्र निकाय चुनाव में बीजेपी का दबदबा, छह में से 5 डिवीजनों में जीतीं 2400 से ज्यादा सीटें
- अमेरिका ने सीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर दागीं मिसाइलें
- लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत, तुर्की दौरे से देश लौटने के दौरान हुआ हादसा
- मुससे असहमति रखकर कोई भी फेडरल रिजर्व का चेयरमैन नहीं बन पाएगा : ट्रंप
- बीएमसी चुनाव के लिए उद्धव-राज ठाकरे आज करेंगे गठबंधन का ऐलान



**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के असर पर राजबाड़ा स्थित अहिल्याबाई की प्रतिमा पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और विधायक गोलू शुक्ला ने आज सुबह स्वच्छता अभियान चलाया।

# गृहमंत्री के दौरे से रातों-रात बनीं सड़कें

## महीनों से खराब सड़कों की मरम्मत हुई; जनता की शिकायतें रहीं बेअसर

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**ग्वालियर •** ग्वालियर की बदहाल सड़कों का मुद्दा बीते कई महीनों से न सिर्फ शहर बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। गड्ढों, धंसी सड़कों और टूटे मार्गों से परेशान जनता की शिकायतें अब तक बेअसर नजर आ रही थीं, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे से ठीक पहले ग्वालियर में मानो चमत्कार हो गया। जिन सड़कों की मरम्मत महीनों से टल रही थी, वे रातों-रात बनकर तैयार होने लगीं।

अमित शाह के ग्वालियर आगमन को लेकर सूर्य नमस्कार तिराहे से आकाशवाणी चौराहे तक के मुख्य मार्ग पर दिन-रात काम किया जा रहा है। मशीनों के जरिए डंबर बेस्ड सड़क तैयार की जा रही है। यह वही मार्ग है, जिससे होकर अमित शाह के अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक निवास पर श्रद्धांजलि देने जाने की संभावना है। बरसात के बाद से यह सड़क बुरी तरह जर्जर थी, लेकिन आम जनता के लिए उपेक्षित रही, यही सड़क अब वीआईपी मूवमेंट के कारण चकाचक हो रही है। सड़क बनते देख स्थानीय लोग हैरान हैं। कृषि विश्वविद्यालय के पास रहने वाले एक राहगीर ने तंज कसते हुए कहा कि, 'सालों से खराब सड़कों पर किसी का ध्यान नहीं था, लेकिन मंत्री जी के आने से दो दिन में सड़क बन गई।

# 36 साल बाद संसद में खामोश होगी 'हाथी' की चिंघाड़

**लखनऊ (एजेंसी) •** बहुजन समाज पार्टी के लिए सियासी चुनौतियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज रहने वाली मायावती की पार्टी अब अपने सबसे बुरे दौर में पहुँच गई है। साल 2026 के अंत तक भारतीय लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद में बसपा का प्रतिनिधित्व पूरी तरह 'शून्य' हो जाएगा।



रामजी गौतम का रिटायरमेंट और 'जीरो' का आंकड़ा बसपा के लिए साल 2026 एक काला अध्याय साबित होने वाला है। वर्तमान में संसद के दोनों सदनों को मिलाकर बसपा के पास केवल एक ही सदस्य है- राज्यसभा सांसद रामजी गौतम। उत्तर प्रदेश के 10 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल नवंबर 2026 में समाप्त हो रहा है, जिनमें रामजी गौतम भी शामिल हैं। 25 नवंबर 2026 को उनके रिटायर होते ही संसद के किसी भी सदन में बसपा का कोई सदस्य नहीं रह जाएगा। 1989 के बाद यह पहली बार होगा जब देश की सबसे बड़ी पंचायत में बसपा की आवाज सुनाई नहीं देगी। 1989 में मिली जब पार्टी के तीन सदस्य लोकसभा पहुंचे थे। तब से लेकर अब तक, चाहे पार्टी सत्ता में रही हो या विपक्ष में, संसद में उसका प्रतिनिधित्व हमेशा रहा है।

## शेष बचे 08 दिन... साल 2025 की यादें होगी ताजा 'दैनिक इंदौर संकेत' के साथ





**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** इंदौर की पहचान सफाई के साथ स्वाद की राजधानी के लिए भी होती है। यहां की सराफा चौपाटी का स्वाद देश दुनिया में प्रसिद्ध है, लेकिन इस वर्ष सराफा चौपाटी स्वाद के लिए नहीं बल्कि विवाद के लिए चर्चा में रही। कभी यहां दो सौ से ज्यादा दुकानें लगती थी और स्वाद की दुनिया सजती थी, लेकिन अब सराफा चौपाटी 69 दुकानों में सीमित हो गई है।

# अब अडानी समूह सीमेंट बाजार का भी बादशाह बनने की तैयारी में

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** अडानी समूह ने देश के तमाम सेक्टर के बिजनेस में खुद को साबित किया है, जिसमें सबसे नया और सबसे तेजी से बढ़ने वाला सीमेंट उद्योग भी है। अडानी समूह ने अपनी आक्रामक रणनीति और सही फैसलों से महज 3 साल में ही देश के सीमेंट बाजार को बदलकर रख दिया है। कंपनी ने अब खुद को सीमेंट बाजार का बादशाह बनाने की तैयारियों पर काम शुरू कर दिया है। अभी अडानी समूह का सीमेंट कारोबार देश में अल्ट्राटेक के बाद दूसरे नंबर पर आता है। अडानी समूह ने खुद को नंबर 1 की पोजीशन पर लाने के लिए अपनी तीनों कंपनियों को एकसाथ मिलाने की रणनीति बनाई है।



अभी भारतीय सीमेंट बाजार में अल्ट्राटेक की हिस्सेदारी 26 फीसदी के आसपास है, जिसकी सालाना क्षमता 20 करोड़ टन के करीब है। वहीं, दूसरे नंबर पर काबिज अडानी समूह की बात करें उसके पास कुल बाजार हिस्सेदारी का 14.3 फीसदी मार्केट है। अडानी समूह के पास 4 सीमेंट कंपनियां हैं। अंबुजा, एसीसी, पेन्ना और ओरिएंट सीमेंट। अब समूह ने इन सभी कंपनियों को मिलाकर एक बनाने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इस समूह की सालाना उत्पादन क्षमता करीब 12 करोड़ टन के आसपास है।

## न्यूज ब्रीफ

### किड्स ने ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ और हैमलीज़ वंडरलैंड के साथ साझेदारी की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● किड्स ने आज अपनी पहली दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज़ छोटे तारा का बड़ा गदर और फेब 5 को लॉन्च करके बच्चों के मनोरंजन के क्षेत्र में एक बड़े विस्तार की घोषणा की। ये नई सीरीज़ भारतीय कहानियों, कल्पनाशीलता और मूल्यों को आधुनिक अंदाज़ में बच्चों और परिवारों के लिए पेश करेंगी। तारा का बड़ा गदर का प्रीमियर 24 दिसंबर को किड्स पर किया जाएगा, जबकि फेब 5 जल्द ही प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ की जाएगी। बच्चों के कंटेंट सेगमेंट में कदम रखते हुए, जी 5 का उद्देश्य भारतीय कहानियों की एक रंगीन और रचनात्मक दुनिया बनाना है, जो बच्चों की कल्पना को बढ़ावा दे और सार्थक, भारतीय संस्कृति से जुड़ा मनोरंजन दे। यह नया कंटेंट छोटा भीम जैसी लोकप्रिय सीरीज़ और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय आईपी के साथ उपलब्ध होगा, जिससे युवा दर्शकों के लिए एक संपूर्ण और प्रीमियम कंटेंट अनुभव मिलेगा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जायेगा। इस दिन जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभागृह में दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा। जिसमें उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री शिवम वर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता जागरूकता की स्टॉल लगाए जाएंगे और उपभोक्ताओं को जागरूकता के संबंध में उपभोक्ता संगठनों द्वारा अपनी भागीदारी दी जायेगी। साथ ही एक वर्ष में उपभोक्ताओं फोरम द्वारा जारी आदेश भी प्रदर्शनी में आम उपभोक्ताओं के अवलोकन के लिए रखे जाएंगे। जिन उपभोक्ताओं को उपभोक्ता फोरम से राहत मिली है या उत्तम मार्गदर्शन केंद्र से उनको सहायता मिली है, उन उपभोक्ताओं को बुलाकर मंच से सम्मान किया जाएगा।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था विंध्यांचल सोशल ग्रुप इंदौर चोइथराम नेत्रालय धार रोड एवं जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर दिनांक 25 दिसंबर 2025 गुरुवार को समय प्रातः 9. बजे से 1 बजे तक स्थान विद्या बारिधि बाल विनय मंदिर स्कूल दशरथ बाग ( टीकरिया बादशाह मेन रोड नंदबाग ) इंदौर। 1 शिविर स्थल पर नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन चोइथराम नेत्रालय धार रोड पर किये जाएंगे। मोतियाबिंद के भर्ती मरीजों को निःशुल्क भोजन व्यवस्था अधिकृत संस्था द्वारा किया जावेगा।

### श्रम विभाग द्वारा श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी किये जाने की सुविधा प्रारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी किये जाने की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसका उद्देश्य पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों में श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करना है। स्व-मूल्यांकन के माध्यम से संस्थानों को श्रम कानूनों के पालन हेतु प्रोत्साहित करना एवं अनुपालन की स्थिति को पारदर्शी बनाना, संस्थानों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर निष्पक्ष एवं स्वचालित श्रम स्टार रेटिंग प्रणाली के माध्यम से उनका मूल्यांकन करना, और सतत सुधार को प्रोत्साहित करना भी इसका उद्देश्य है।



# चूहों से बचने शास्त्री ब्रिज के किनारे डाले कांच के टुकड़े, कर रहे थ्री लेयर सुरक्षा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चूहों द्वारा खोखली की गई शास्त्री ब्रिज के आसपास की जमीन को लेकर अब नगर निगम द्वारा थी लेयर सुरक्षा की जा रही है। इसके लिए शास्त्री ब्रिज के आसपास के पैवर्स हटाकर वहां पर कांच के टुकड़े डाल दिए गए हैं। ऐसा किए जाने को लेकर अफसरों का मानना है कि चूहे इस क्षेत्र में नहीं घुस पाएंगे। इसके निरीक्षण के लिए नगर निगम के अफसर और एमआईसी मेंबर भी पहुंचे थे।

नगर निगम द्वारा शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ पर लगे पैवर ब्लॉक हटाकर इस पूरे हिस्से को साफ करवा लिया गया है। यहां पर सुधार कार्य किया जा रहा है। बीते दिनों ब्रिज के उतार पर अचानक गड्ढा हो गया था, जिसके कारण वहां की मिट्टी धंस गई थी। इसके बाद नगर निगम द्वारा इसके सुधार का काम शुरू किया गया। कांच के टुकड़े डाले जाने के पीछे का कारण यह है कि चूहे ब्रिज को मिट्टी को नुकसान नहीं पहुंचा पाएं।

### अभी दो ट्रॉली बुलवाया है कांच

शास्त्री ब्रिज के पास के काम के लिए ठेकेदार को कहा गया है। उसने फिलहाल दो ट्रॉली कांच की बोतलें कबाड़ी व अन्य लोगों से मंगवाई हैं। इन बोतलों को फोड़कर डाला गया है। इसके बाद स्टोन डस्ट डाली जाएगी। उसके बाद दवाई डाली जाएगी। उसके ऊपर से इंटर लॉकिंग ब्लॉक भी लगा दिए जाएंगे। इसके बाद रोटरी के आसपास का काम किया जाएगा।

### राहगीरों की सुरक्षा के लिए लगाई पन्नी

ब्रिज के किनारे जिस हिस्से में ब्लॉक हटाकर कांच के टुकड़े डाले हैं, उसी के पास से राहगीरों का आवागमन भी जारी है। इससे लोगों की सुरक्षा के लिए उसके किनारे पतली-सी पन्नी भी लगाई गई है। हालांकि पन्नी लगाने के बावजूद यहां से गुजरने वाले लोगों को इसमें गिरने का खतरा बना हुआ है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा की संवेदनशीलता पुनः आई सामने

### बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण का कराया गया निःशुल्क इलाज



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर कार्यालय इंदौर में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में एक बार फिर मानवीय संवेदना का उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया।

इसी जनसुनवाई में उपस्थित एक बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण की दयनीय स्थिति देखकर कलेक्टर की संवेदनशीलता पुनः सामने आई। बुजुर्ग की पत्नी श्रीमती प्रेम बाई ने बताया कि लक्ष्मी नारायण को कुछ समय पूर्व कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन समुचित उपचार न मिलने के कारण उनके पैर में गंभीर संक्रमण और असहनीय पीड़ा हो रही थी।

कलेक्टर वर्मा ने बुजुर्ग की हालत को देखते हुए बिना विलंब कलेक्टर कार्यालय से ही एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें अस्पताल भिजवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार के साथ-साथ मानवीय सहयोग की भी मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी श्री जयू जोशी एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा बुजुर्ग को स्नान कराया गया, दाढ़ी कटिंग करवाई गई तथा उन्हें नए कपड़े पहनाए गए, जिससे वे पूर्णतः नए रूप में नजर आए। वर्तमान में बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण को अस्पताल में भर्ती कर निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर की इस पहल ने न केवल एक जरूरतमंद बुजुर्ग को राहत दी, बल्कि जनसुनवाई को संवेदनशील और जनहितैषी प्रशासन का सशक्त उदाहरण भी बना दिया।

# मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिए बनाए गए 58 केन्द्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजी से जारी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में आज 23 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्राप्त करने का कार्य आगामी 22 जनवरी तक चलेगा। इसके लिये जिले में 58 केन्द्र बनाये गये हैं। केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिये बैठने, पेयजल, छाया आदि मूलभूत सुविधाएं की गई हैं।

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रोल पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारत सरकार के संयुक्त



सचिव ब्रजमोहन मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर आर.के. पाण्डे सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस के पश्चात उनकी निर्धारित स्थानों पर सुनवाई कर मतदाता सूची में नाम शामिल करने और नहीं करने के संबंध में विधिवत आदेश जारी किया जाएगा। जिले में नो मेपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 1 लाख 33 हजार 696 है। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने शुद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में अब तक हुई कार्रवाई की सराहना की है। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने मतदान केन्द्रों की सूची सौंपी।

बैठक में अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि नो मेपिंग वाले मतदाता निर्धारित दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थानों पर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 से लेकर 1 जुलाई 1987 के बीच जन्म लेने वाले आवेदक को चिन्हित 12 दस्तावेजों में से एक दस्तावेज देना होगा। इसके पश्चात 1 जुलाई 1987 से 2003 के बीच जन्म लेने वाले आवेदक को स्वयं के साथ माता या पिता का दस्तावेज भी देना जरूरी होगा। इसी तरह इसके बाद एक जनवरी 2003 के पश्चात जन्म लेने वाले आवेदक को स्वयं के साथ ही माता-पिता दोनों का भी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# महेश्वर में बढ़ेगा पर्यटन, ओंकारेश्वर से धामनोद तक फोरलेन बनेगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मालवा निमाड़ का टूरिस्ट सर्किट अब रोड कनेक्टिविटी के हिसाब से सरकार मजबूत कर रही है। इंदौर-उज्जैन और इंदौर खंडवा मार्ग को छहलेन और फोरलेन करने के बाद सरकार ने बड़वाह धामनोद मार्ग को भी फोरलेन करने का फैसला लिया है। इस पर ढाई हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। 62 किलोमीटर लंबी इस सड़क में महेश्वर पर्यटन स्थल भी आता है। इस सड़क के बनने से ओंकारेश्वर जाने वाले पर्यटक महेश्वर भी जाना ज्यादा पसंद करेंगे, क्योंकि फोरलेन बनने के बाद ओंकारेश्वर से महेश्वर जाने में एक घंटे से भी कम समय लगेगा।

फोरलेन सड़क के लिए किसानों की जमीनें भी ली जाएंगी, क्योंकि बड़वाह से धामनोद तक 100 से ज्यादा गांव हैं। इसमें नांद्रा, कतरगांव, धरगांव, छोटी खरगोन, जलूद मंडलेश्वर सहित दस से ज्यादा गांवों के मुख्य इलाके दो लेन सड़क के आसपास ही बसे हैं। नर्मदा घाटी वाला हिस्सा होने के कारण इस मार्ग पर गांवों में ज्यादा बायपास भी नहीं बन



सकते हैं। इस कारण भू-अर्जन के लिए भी पैसा स्वीकृत किया गया है। इस मार्ग में दस बायपास बनेंगे। इसके अलावा पांच बड़े ब्रिज, 23 छोटे ब्रिज, 7 बड़े जंक्शन और 56 छोटे जंक्शन बनाए जाएंगे। बड़वाह से महेश्वर तक दस से ज्यादा किलोमीटर में सड़क सिंगल लेन भी है। यहां वाहनों की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रहती है। सड़क बनने के बाद वाहन 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा सकेंगे।

**यह होगा सड़क बनने से फायदा**-इस सड़क के बनने से महेश्वर, ओंकारेश्वर और मांडू के बीच कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। बड़वाह से महेश्वर की दूरी 40 किलोमीटर और महेश्वर से मांडू की दूरी 60 किलोमीटर है।सड़क के आसपास बसे गांवों का विकास होगा। तेजी से बसाहट बढ़ेगी। सड़क बनने से जमीनों के भाव बढ़ेंगे।इंदौर से ओंकारेश्वर जाने वाले पर्यटक महेश्वर होते हुए एक दिन में इंदौर आ सकेंगे।

### रजक समाज की बेटी फिल्म अभिनेत्री पुष्पा दास मुम्बई होगी संत श्री गाडगे अवार्ड से सम्मानित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● संतश्री गाडग़े अवार्ड जनकल्याण समिति एवं राष्ट्रीय पत्रिका रजक संसार द्वारा राष्ट्रीय संतश्री गाडगे अवार्ड-2025 दिनांक 28 दिसम्बर 2025 को अभिनव कला केन्द्र, गांधी हाल, एमजी रोड़ पर सम्पन्न होगा।

समिति के संयोजक संतश्री डॉ. दादू महाराज, अध्यक्ष शिवनारायण कोदिया, संयोजक चिन्ट वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, समिति प्रवक्ता केवलराम मालवीय, सुरेश वर्मा बंजारिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिवर्ष संतश्री गाडग़े अवार्ड जनकल्याण समिति व पत्रिका रजक संसार द्वारा आयोजित संत श्री गाडगे अवार्ड 2025 इस वर्ष का रजक समाज की बेटी असम फिल्म अभिनंत्री श्रीमती पुष्पा दास (मुम्बई) कोसमिति के संयोजक डॉ. दादू महाराज व मुख्य अतिथि श्री प्रहलाद रजक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सरकार के रजककार बोर्ड, अमित खत्री अ.भा. धोबी महासंघ युथ अध्यक्ष हरियाणा, राजेन्द्र वर्मा पंवार पूर्व अध्यक्ष राजस्थान सरकार खादी ग्राम बोर्ड, महेश ढालिया पूर्व अध्यक्ष म.प्र. सरकार रजक कल्याण बोर्ड, श्री चिंटू वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, इन्दौर, व अन्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया जावेगा। साथ ही 100 समाज सेवियों को मानव सेवा सम्मान, 200 छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री व प्रतिभावान सम्मान से सम्मानित किया जावेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रिका रजक संसार स्मारिका का अतिथियों द्वारा विमोचन भी होगा। श्री कोदिया ने आगे बताया कि आयोजन में अतिथि स्वरूप इंदौर महापौर पुष्पमित्र भार्गव, पार्षद के.के.यादव, पार्षद शिवम के.के. यादव, पार्षद सीमा कृष्णा बल्लब डाबी, श्रीमती शकुंलता बड़े आदि रहेंगे।

### मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने बताए सफलता के मंत्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मप्र लोक सेवा आयोग 2023 की परीक्षा में अंतिम चयनित 25 अभ्यार्थियों का विभिन्न अधिकारी पदों पर चयन होने पर शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इन अधिकारियों में 02 उप जिलाध्यक्ष, 03 उप पुलिस अधीक्षक तथा विभिन्न पदों पर चयनित अधिकारी सम्मिलित है । सम्मान समारोह कार्यक्रम संभागीय उपायुक्त बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कॉमर्स के विभाग प्रमुख सुरेश पाटीदार तथा अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। समारोह में संभागीय उपायुक्त द्वारा संस्था से 25 अभ्यर्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई तथा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों के लिए सफलता का गुरुमंत्र पुनरावृति को बताया। कडी मेहनत, लगन और ईमानदारी से पढाई करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करने हेतु प्रेरित किया। संस्थान में आये 2023 के चयनित अधिकारियों को सभागीय उपायुक्त द्वारा पीईटीसी का स्मृति चिह भेंट किये गये।

### नर्मदा पाइपों में आग से मचा हड़कंप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के महूनाका क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। यहां नर्मदा परियोजना के लिए रखे गए प्लास्टिक पाइपों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया, जिसे शहर के कई हिस्सों से देखा जा सकता था। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम सक्रिय हुई। दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दोपहर करीब 2 बजकर 20 मिनट पर जब आग लगी, तो उससे उठने वाले घने धुएं के कारण महूनाका क्षेत्र की सड़कों पर दृश्यता कम हो गई। इसके चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र के यातायात में बाधा उत्पन्न हुई और वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

# पीथमपुर में यूका कचरे की राख को दफनाने पर लगी रोक का आदेश हाईकोर्ट ने लिया वापस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पीथमपुर में छह माह पहले जलाए गए 900 टन कचरे की राख के निपटान का रास्ता साफ हो गया है। यूका कचरे की राख को दफनाने पर लगी रोक का आदेश हाईकोर्ट ने वापस लिया है।

सरकार ने रोक के आदेश की समीक्षा के लिए कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। कोर्ट ने सरकार को पूर्व में पारित आदेश के अनुसार प्रक्रिया अपनाने के निर्देश जारी किये है।साल 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से हाईकोर्ट के बताया गया था कि जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर में कर दिया गया है।

जहरीले कचरे से लगभग 900 मीट्रिक टन राख व अवशेष



एकत्रित हुआ है। हाईकोर्ट में एक अन्य याचिका दायर करते हुए कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। राख में मरकरी है, जिसे नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जापान व जर्मनी के पास है। हाईकोर्ट ने उक्त याचिका की सुनवाई मुख्य याचिका के साथ किये जाने के आदेश जारी किये गये थे।

पीथमपुर में पहले भी यूनियन कार्बाइड का कचरा 2008 में दफन किया गया था।पांच हजार से ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुलाने वाले भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्टरी का 337 टन कचरा पीथमपुर के भस्मक में जला दिया गया, लेकिन उसकी राख हमेशा के लिए पीथमपुर में दफन होगी। इसे लेकर आसपास के रहवासी चिंतित है। कचरा जलाने से बची राख को बीते पांच माह से कंपनी के परिसर में एक प्लेटफार्म पर रखा गया है। उस राख की भी विशेषज्ञों ने जांच की। राख को दफनाने के लिए एक तालाबनुमा गड्ढा खोदा गया है।बची हुई राख में मर्करी, निकल, जिंक, कोबाल्ट, मैग्जीन सहित अन्य तत्व है, जहां इस कचरे को दफन किया जाना है। उसके आधा किलोमीटर दायरे में आबादी क्षेत्र है।

### अखाद्य रंग की जांच हेतु चना प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया था कि भूने चने को आकर्षक रूप से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उसमें अखाद्य औद्योगिक रंग का अवैध उपयोग किया जा रहा है। उक्त गंभीर विषय को दृष्टिगत रखते हुए स्न्रस्स्ह्व द्वारा देश के समस्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा को पत्र जारी कर भूने चने की जांच हेतु निर्देशित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण भारत में भूने चने की जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त क्रम में आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश द्वारा भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों के परिपालन में तथा कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में आज 23 दिसम्बर 2025 को चना में संभावित रूप से अखाद्य औद्योगिक रंग ऑरामाइन के उपयोग की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा सियागंज क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का युवा मोर्चा महामंत्री राय ने भागवत गीता भेंटकर किया सम्मान

**इंदौर** ● भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का भाजपा इंदौर युवा मोर्चा के महामंत्री निक्की राय ने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ भागवत गीता भेंटकर सम्मान किया। इंदौर एयरपोर्ट पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का ढोल नगाड़े के बीच अभिनंदन किया इंदौर युवा मोर्चा के नगर महामंत्री निक्की राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को भागवत गीता भेंट की। उनके इस अनूठे सम्मान से टेलर भी अभिभूत हो गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री राय बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की फौज लेकर एयरपोर्ट पहुंचे थे। भाजपा विधायक रमेश मेंदोला और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा के नगर महामंत्री निक्की राय हमेशा संगठन में अलग कार्यों से अपनी पहचान कायम रखे हुए है।

### संस्था मातृभूमि ने दिव्यांगों को गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण करके अभियान किया

**इंदौर** ● नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसको चरितार्थ करते हुए संस्था मातृभूमि द्वारा निराश्रित बुजुर्गों और गरीब जरूरतमंदों को ठंड में गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण करने का अभियान शुरू किया। इस अभियान की शुरुआत मंगलवार को सुखलिया स्थित दिव्यांग आईटीआई में दिव्यांग बच्चों को कंबल एवं गर्म कपड़े वितरण करके की गई। संस्था अध्यक्ष सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था द्वारा निराश्रित, बुजुर्गों को ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण किया जा रहा है। जिसका श्रीगणेश सुखलिया आईटीआई पर समाजसेवियों की मौजूदगी में किया। इसी कड़ी में सोमवार को समाजसेवियों ने गरीबों और जरूरतमंदों को गर्म कंबल बांटे।

### अग्रवाल संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित नए पदाधिकारियों की शपथ

**इंदौर** ● अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल कुक्की (इंदौर) एवं उनकी नई कार्यसमिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल के मुख्य आतिथ्य में महाराष्ट्र के धुलिया में आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भारुका (सूरत), वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल (छग), जितेन्द्र सिंघल (गाजियाबाद), उपाध्यक्ष संत गोपाल गुप्ता (फरीदाबाद), मंत्री श्रीमती संगीता गर्ग (जयपुर) के साथ ही महाराष्ट्र से वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत खेतान, राष्ट्रीय मंत्री गोपालबाबू अग्रवाल (बोदवड), राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनोद अग्रवाल (धुलिया), किरण भाई अग्रवाल (नाशिक), सतीश बंसल (राजस्थान) एवं अनिल मोदी (इंदौर) ने भी शपथ ग्रहण की।

### 13 दिवसीय पदयात्रा पर प्रस्थित हुए साईं भक्त रास्ते में गर्म कपड़ों का वितरण करते हुए पहुंचेंगे

**इंदौर** ● केन्द्रीय सांई सेवा समिति से जुड़े साईं भक्तों का एक बड़ा काफिला मंगलवार को 13 दिवसीय पदयात्रा करते हुए बड़ा गणपति मंदिर पर पूजा, अर्चना एवं दर्शन के पश्चात शिर्डी के लिए प्रस्थित हुआ। केन्द्रीय साईं सेवा समिति के संस्थापक हरि अग्रवाल एवं समाजसेवी अशोक गोयल ने साईं भक्तों का स्वागत कर उन्हें शिर्डी यात्रा के लिए भावपूर्ण बिदाई दी। यात्रा के पूर्व सभी साईं भक्तों ने अभिभाषक एवं साईं भक्त सुश्री विनिता पाठक को श्रद्धांजलि समर्पित की।

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : कुलपति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन (DUAA) द्वारा आयोजित दो दिवसीय एलुमनी समागम 'समागम 3.0' का शुभारंभ विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय और एलुमनी के बीच भावनात्मक व व्यावसायिक संबंधों को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति अध्ययन संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव दीक्षित, विशेष अतिथि के रूप में इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक करदम, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश सिंघई, कुलसचिव प्राज्वल खरे एवं DUAA अध्यक्ष माया इंगले उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश सिंघई ने कहा कि एलुमनी की भूमिका केवल पुनर्मिलन कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास, अधोसंरचना, अनुसंधान सुविधाओं और छात्र-केंद्रित पहलों में भी उनका सक्रिय आर्थिक व बौद्धिक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में विश्वविद्यालय ने अकादमिक प्रगति, अधोसंरचना विकास और छात्र प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें उद्योग-शिक्षा सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

DUAA अध्यक्ष माया इंगले ने एलुमनी एसोसिएशन के जर्मनी चैप्टर के शुभारंभ की घोषणा करते हुए इसे विश्वविद्यालय के वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों का विश्वविद्यालय से निरंतर जुड़ाव उसकी पहचान और गरिमा को बनाए रखने में सहायक होता है।

इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक करदम ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ष्ठड्ढ्ढ ने उनके व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व क्षमता को मजबूत आधार प्रदान किया। वहीं डॉ. राजीव दीक्षित ने DUAA से अपने दीर्घकालिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए हर





संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान एलुमनी और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने एकजुटता के प्रतीक स्वरूप आकाश दीप प्रज्वलित किए। सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य, प्रसिद्ध गायक कपिल पुरोहित की संगीतमय प्रस्तुति, लाईव संगीत कराओके सिंगर ग्रुप खंडवा, डॉ पूजा पूरा राजपाल एवं रफीक पठान , पंडित राजू शर्मा डीजे सेशन और आतिशबाजी ने समागम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ।

## द्वितीय दिवस

समागम के दूसरे दिन अकादमिक एवं व्यावसायिक सहभागिता पर केंद्रित सत्र आयोजित होंगे, जिनमें



एलुमनी अपने-अपने विभागों में जाकर छात्रों से संवाद करेंगे तथा उद्योग-शिक्षा समन्वय को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

# प्रो. डॉ सतीश शुक्ला की दो पुस्तकों का विमोचन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलकत्ता में हुए एसोसिएशन ऑफ सर्जनस के 85 वे अधिवेशन में प्रसिद्ध सर्जन, एमजीएम मेडिकल के प्रोफेसर, लायंस के पूर्व पदाधिकारी डॉ सतीश शुक्ला की दो नवीन पुस्तकों का विमोचन किया गया, क्रमाश:

1) INDIAN GOLDEN ERA OF HOPE

2) HISTORY OF MEDICINE-A JOURNEY THROUGH TIME

उल्लेखनीय है कि डॉ सतीश शुक्ला को ढ्ढष्टह्र स्त्रन्नश्वह्र ह्स्न स्न्रष्ट सम्मान भी प्राप्त हो चुका है द्य 8 सदस्यीय समिति ने 30 वर्ष में पहली बार यह सम्मान दिया है। डॉ सतीश शुक्ला को एमजीएम अल्यूमीनि एसोसिएशन के अध्यक्ष डा संजय लौंढे, सचिव डॉ विनीता कोठारी, डॉ दिलीप कुमार आचार्य, डॉ शेखर डी राव, डॉ अंकुर अग्रवाल, डॉ मिलिंद शाह, डॉ भूपेंद्र शेखावत, डॉ शैनल कोठरी ने बधाई दी।

# परीक्षा पर चर्चा एवं केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विवेकानंद विद्या विहार, चंद्रावतीगंज में परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, रणनीति, और आत्मविश्वास बढ़ाने के सुझाव प्रदान किए। इसके साथ ही कैरियर काउंसलिंग भी की गई जिसमें बच्चों को बताया कि 12वीं के बाद क्या-क्या उनके पास करियर के ऑप्शन है।

उच्च शिक्षा की क्या-क्या अवसर ग्रामीण बच्चों के पास है सरकार की कौन सी नीतियां है जिसकी वह मदद ले सकते हैं स्कॉलरशिप कहां-कहां से मिलती है और रोजगार के अवसर के बारे में भी बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल मोहित जैन, राजेश राठौर, डायरेक्टर, विवेकानंद विद्या विहार, विशेष अतिथि सूबेदार मेजर श्रीमान घनश्याम सिंह नेगी, भर्ती कार्यालय, महू द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर बनकर देशसेवा हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र पांचाल ने किया, कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अनिल राठौर द्वारा किया गया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और अटल स्मृति वर्ष टोली नगर संयोजक राकेश शर्मा ने बताया कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत आज भाजपा नेताओं द्वारा नगर के सभी 35 मंडलों में महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। शाम को भाजपा कार्यालय पर अटल का रंगोली से चित्र बनाया जाएगा, रंगोली के समक्ष कार्यकर्ताओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

सांसद शंकर लालवानी वीर सावरकर प्रतिमा पर, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा अग्रसेन चौराहे स्थित महाराजा अग्रसेन प्रतिमा पर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के मंडलों में कार्यकर्ता, विधायक रमेश मेंदोला बापट चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर सुबह 10 बजे, विधायक गोलू शुक्ला राजवाड़ा पर अहिल्या देवी की प्रतिमा के समक्ष सुबह 9 बजे, विधायक मालिनी गौड गुरुशंकर नगर में माता मंदिर में सुबह 11 बजे, विधायक महेंद्र हार्डिया मूसाखेड़ी स्थित ज्योतिबा फूले प्रतिमा पर सुबह 10 बजे, विधायक मधु वर्मा क्रांतिसूर्य टंट्या मामा की प्रतिमा पर सुबह 10:30 बजे स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। शाम को 6 बजे भाजपा कार्यालय पर अटल जी के राजनैतिक जीवन, प्रधानमंत्री कार्यकाल एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़े चित्रों की प्रदर्शनी भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही अटल जी की रंगोली मनाकर उनकी रंगोली के समक्ष कार्यकर्ता दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। 25 दिसंबर को अटल जी के जन्मोत्सव पर नगर के 1723 बूथों पर अटल जी की जयंती मनाई जाएगी। बूथों पर अटल जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर वक्ताओं द्वारा अटल जी के व्यक्तित्त्व, कृतित्व, सुशासन, विकास कार्यों और एतिहासिक उपलब्धियों को साझा किया जाएगा।

## अटल स्मृति पर्व के लिए बनाई नगर टोली

अटल स्मृति पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने नगर टोली बनाई है। नगर उपाध्यक्ष राकेश शर्मा को टोली का संयोजक बनाया गया है। महामंत्री कैलाश पीपले, गौतम शर्मा, स्वाति काशीद और नितिन शर्मा टोली में सदस्य बनाए गए हैं।

# निपानिया मॉर्निंग वॉकिंग ग्रुप का मांडू भ्रमण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निपानिया मॉर्निंग वॉकिंग ग्रुप के वरिष्ठ नागरिकों ने बालाजी स्काईज़ एवं निपानिया सोसायटी के सदस्यों के साथ ऐतिहासिक नगरी मांडू का एक दिवसीय भ्रमण किया। यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने जहाज महल, हिंडोला महल, जामा मस्जिद एवं होशंग शाह के मकबरे का अवलोकन किया तथा मांडू के ऐतिहासिक वैभव को नजदीक से जाना। भ्रमण के दौरान बाज बहादुर-रानी रूपमती की ऐतिहासिक गाथा पर चर्चा हुई। साथ ही मांडू के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजनों—दाल पनिया एवं बैंगन के विशेष व्यंजनों का स्वाद लिया गया। समूह सदस्यों ने कहा कि ऐसे भ्रमण से सेवानिवृत्त जीवन में सक्रियता, स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव बना रहता है।

# डॉ.निशा जोशी द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर गीता के ध्यानयोग से मानसिक सशक्तिकरण का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● द्वितीय विश्व ध्यान दिवस-25 के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में भगवद्गीता आधारित ध्यान एवं जीवन-प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन नीशा जोशी योग अकाडमी के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं संचालन योग विशेषज्ञ एवं गीता प्रवक्ता डॉ. नीशा जोशी द्वारा किया गया। आयोजन में श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय (ध्यानयोग) में वर्णित ध्यान-विधि को केंद्र में रखते हुए यह बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ध्यान-उपदेश आज के तनावग्रस्त जीवन में किस प्रकार व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करता है। डॉ. निशा जोशी ने गीता के ध्यान को मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलन का विज्ञान बताते हुए कहा



कि यह साधना व्यक्ति को भय, चिंता, अनिद्रा और मानसिक दबाव से मुक्त करने में सहायक है। डॉ.जोशी ने अपने संबोधन में ध्यान के वैज्ञानिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित ध्यान अभ्यास से कॉर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन में कमी, नर्वस सिस्टम का संतुलन, एकाग्रता एवं निर्णय क्षमता में सुधार तथा इम्यूनिटी से जुड़े हार्मोन्स पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह अभ्यास विशेष रूप से सुरक्षाबलों के लिए मानसिक दृढ़ता और आंतरिक संतुलन विकसित करने में उपयोगी है।

# अग्रवाल समाज के 21 युगलों का सामूहिक विवाह 13-14 फरवरी को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में आगामी 13-14 फरवरी को 21 युगलों के सामूहिक विवाह का वृहद आयोजन महासभा के बायपास स्थित मांगलिक भवन पर किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले सभी युगलों को गृहस्थी चलाने योग्य उपहार तो भेंट किए ही जाएँगे, सभी सामाजिक रस्मों रिवाज का पालन भी किया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, मंत्री राजेश मित्तल, प्रमुख संयोजक राजेश जिंदल एवं अरुण आष्टा वाले ने बताया कि महासभा द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन करने की परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी सामूहिक विवाह का वृहद आयोजन करने का निर्णय लिया गया है जो महासभा के इतिहास में 38वां आयोजन होगा।

# नाराज अतिथि शिक्षक अब सड़कों पर जताएंगे विरोध, 25 दिसंबर से संभागीय सम्मेलन

**भोपाल (एजेंसी)** ● मप्र में कार्यरत अतिथि शिक्षक सरकार की ओर से की गई घोषणाएं पूरी न होने से नाराज हैं। अतिथि शिक्षक प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में अतिथि शिक्षक समन्वय समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक सभी संभागों में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 31 जनवरी को राजधानी भोपाल में सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357,94245-83000

## सम्पादकीय

### आपराधिक कुंठा के शिकार लोगों की तेजाब तक आसान पहुंच कैसे संभव हो पा रही है?

देश भर में तेजाब से हमले की घटनाओं पर आखिर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है! जबकि खुले बाजार में तेजाब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है और इस तरह के अपराध से निपटने के लिए सख्त कानून मौजूद हैं। बिहार में पटना जिले के मोकामा में रविवार रात एक महिला पर तेजाब से हमले की वारदात ने राज्य की कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। तेजाब केवल शरीर को ही नहीं झुलसाता, बल्कि इसकी भयावहता कई बार पीड़ित की पहचान, आत्मविश्वास और सपनों को भी एक त्रासदी में बदल देती है। हमले से पीड़ित की जिंदगी पहले जैसी सामान्य नहीं हो पाती है। पीड़ित महिला के लिए तो महीनों तक चलने वाले उपचार के साथ-साथ समाज की संकीर्ण सोच का सामना करना किसी रोजमर्रा के जख्म से कम नहीं होता। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर बाजार में तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस कदम के बाद तेजाब से हमले के मामलों में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इनमें फिर से वृद्धि देखी जा रही है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2017 में देश भर में तेजाब से हमले के 244 मामले दर्ज हुए थे। एक अन्य रपट के अनुसार, वर्ष 2021 में ऐसे 176 मामले और 2023 में 207 वारदात दर्ज की गईं। इसमें दोराय नहीं कि देश में तेजाब से हमलों के खिलाफ सख्त कानून बनाया गया है, मगर सवाल है कि क्या इस कानून का सख्ती से पालन हो रहा है? क्या यह जांच एजंसियों की जिम्मेदारी नहीं है कि अवैध रूप से तेजाब की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए? कई बार तो जांच अधिकारियों की लापरवाही के कारण हमलावर न्याय के कठघरे में आने से बच जाते हैं। जब तक पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त खामियों को दुरुस्त नहीं किया जाएगा, तब तक सख्त कानून का प्रभाव भी धरातल पर कम ही नजर आएगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी के अधूरे सपनों को पूरा कर रहे है प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी

अटल बिहारी वाजपेयी जिनका आज जन्म दिन है आजाद भारत में पैदा हुए पांच शानदार नेताओं में से एक थे। इन सभी पाँच नेताओं का देश की जनता पर गहरा और लगभग पूर्ण प्रभाव था। उनका कद, शैली, मानक और बोलबाला अद्वितीय और अभूतपूर्व था/हैं। ये पांच नेता थे/हैं महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी। जबकि पहले तीन राष्ट्रीय नेता विचारधारा की एक धारा का प्रतिनिधित्व करते थे, बाद के दो विचारधारा की बिल्कुल अलग धारा का प्रतिनिधित्व/प्रतिनिधित्व करते थे, जो पहले से बिल्कुल अलग है।इन्ही में से एक अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राष्ट्र के प्रति सेवा काल में बहुत ही उत्कृष्ट काम किए जिन्हें विरोधी दल पचा नहीं पा रहे थे । उन्हें लगता था कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी इसी प्रकार आगे बढ़ते रहे तो लोग उन्हें (विपक्षी दलों) को भूल जाएंगे ।

परन्तु वाजपेयी ने अपनी विचारधारा का लगातार अनुसरण करते रहे लेकिन भारत में तत्कालीन चुनावी राजनीति की मजबूरियों ने उन्हें गठबंधन की राजनीति का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कला में दोनों स्थितियों में महारत हासिल की, जब वे विपक्ष में थे और तब भी जब वे सत्ता पक्ष में थे। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे अनुभव से, उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं, दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व और करीबी अनुयायियों के लिए सीखने के लिए कई सबक छोड़े। समय की विडम्बना थी कि जब 1996 में प्रधान मंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान जब उन्हें लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा तो उनकी सरकार केवल एक वोट से गिर गई । उस समय उन्होंने लोकसभा में अपने शानदार भाषण में कहा था कि सरकारें आएंगी और जाएंगी, नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन यह देश सहना होगा, टिकना होगा......अगर आप (विपक्ष) हमें हटाकर सरकार बनाना चाहते हैं, तो बना सकते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं है कि यह टिकेगी।भाजपा ऐसी पार्टी नहीं है एक कुकुरमुत्ते की तरह उग आया है, इसने जनता के बीच अपनी जगह बनाने के लिए चालीस साल तक काम किया है ... आज आप (विपक्ष) हम पर हंस रहे हैं क्योंकि हमारे पास सीटें कम हैं, लेकिन एक दिन पूरा देश ऐसा करेगा आप पर हंसें। हम जरूरी संख्या के साथ वापस आएंगे और जो मिशन हमने अपने हाथ में लिया है, उसका पालन करते रहेंगे। उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संख्याओं के महत्व को रेखांकित किया। संसद में भाजपा के लिए पूर्ण संख्या प्राप्त करने का उनका सपना उनके ऐतिहासिक भाषण के 18 साल बाद 2014 में उनके सबसे करीबी शिष्यों में से एक नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद साकार हुआ। 1996 के बाद, वाजपेयी दो बार भारत के प्रधान मंत्री चुने गए लेकिन दोनों समय; उन्हें गठबंधन सरकार बनानी पड़ी



क्योंकि दोनों बार भाजपा केवल 182 सीटें जीत सकी, जो आवश्यक बहुमत से नब्बे एक कम थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 के साथ-साथ 2019 में भी पूर्ण बहुमत हासिल किया और दोनों बार कांग्रेस को सिर्फ 50 सीटों के आसपास ही समेट दिया। वाजपेयी की बातें सच हुईं और उनका सपना भी साकार हुआ कि भाजपा एक दिन पूरे बहुमत के साथ वापस आएगी। भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने में प्रधानमंत्री मोदी की असाधारण उपलब्धि की भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने संसद के केंद्रीय कक्ष में भाजपा की पहली संसदीय दल की बैठक में सराहना की, जो लोकसभा में पार्टी के नेता का चुनाव करने के लिए बुलाई गई थी मई 2014 में। अब भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान उनके प्रमुख सपनों को साकार करने में निरंतर कार्य कर रहे है। इन सपनों का अपने गहरे संगठनात्मक, वैचारिक और राजनीतिक निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए न केवल भाजपा (पहले भारतीय जनसंघ) के लिए बल्कि पूरे देश के लिए बहुत महत्व था । वाजपेयी ने कई अवसरों पर अपनी कुछ प्रसिद्ध अभिव्यक्तियों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की और आशा व्यक्त की कि सपने एक दिन सच होंगे, भले ही वे उनके जीवनकाल में साकार न हो सकें। उन्होंने उनके बारे में बात करने का कोई मौका नहीं छोड़ा और अपने कार्यकर्ताओं और लोगों दोनों को उन आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया, जिन्होंने उनके जीवन को प्रेरित किया और उन्हें पूरा करने की दिशा में काम किया।

प्रधान मंत्री के रूप में वाजपेयी की तीसरी पारी के दौरान, 'उन्होंने (वाजपेयी) 2001 के पहले सप्ताह में अपने प्रवास के दौरान, केरल में समुद्र के आकार की वेम्बनाड झील के पिछले पानी पर कुमारकोम से अपनी प्रसिद्ध म्युसिंग लिखी थी। उन्होंने एक के बाद एक दो लेख लिखे। उसी स्थान से अन्य जिन्हें भारत के लगभग सभी प्रमुख समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किया गया था। उन्होंने उन्हें 'अतीत की समस्याओं को हल करने का समय, बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने का समय' शीर्षक दिया।

प्रिय और महान अटल जी ने लिखा, 'हमारा देश कई समस्याओं का सामना कर रहा है जो हमारे इतिहास की विरासत हैं। मैं उनमें से दो पर अपने विचार साझा करना चाहता हूं। एक जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के साथ लंबे समय से चली आ रही समस्या है और दूसरा अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद है। उन्होंने आगे कहा था कि हालांकि, मुझे यह जानकर दुख हुआ कि पाकिस्तान सरकार अपनी धरती पर स्थित आतंकवादी संगठनों पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रही है, जो कश्मीर और अन्य हिस्सों में निर्दोष नागरिकों और हमारे सुरक्षा कर्मियों दोनों को निशाना बनाकर हत्या का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। मैं उन कश्मीरियों के दर्द और पीड़ा को भी महसूस करता हूं जो अपनी ही मातृभूमि में शरणार्थी बन गए हैं। कश्मीर समस्या के बाहरी और आंतरिक दोनों आयामों के स्थायी समाधान की हमारी खोज में, हम केवल अतीत की घिसी-पिटी राह पर नहीं चलेंगे। बल्कि, हम पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि की भविष्य की वास्तुकला के साहसी और नवोन्मेषी डिजाइनर होंगे।

और तदनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने अपनी सरकार और भारत की संसद को ऐतिहासिक 'शांति और समृद्धि के भविष्य की वास्तुकला के डिजाइनर' बनने का नेतृत्व किया, जब उन्होंने 5-6 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने का संकल्प पारित कराया और जम्मू-कश्मीर के संबंध में राजनीतिक द्वंद्व समाप्त हो गया। यह निश्चित रूप से 'अतीत की घिसी-पिटी राह' से एक कदम दूर था। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को भारतीय संविधान की दृष्टि से संसदीय कार्रवाई को मान्य कर दिया और इस प्रकार संवैधानिक द्वंद्व को भी हमेशा के लिए समाप्त कर दिया।आज कश्मीर में लोकतंत्र की सरकार है व 'दो प्रधान दो निशान' का नामोनिशान मिट गया हैं ।

अयोध्या मुद्दे के संबंध में, वाजपेयी ने कहा था की मैंने हमेशा माना है कि इस विवादास्पद मुद्दे को हल करने के दो तरीके हैं: न्यायिक मार्ग या पारस्परिक रूप से स्वीकार्य स्थिति के लिए बातचीत का मार्ग। मैंने कहा है कि सरकार न्यायपालिका के फैसले को स्वीकार करेगी और लागू करने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है, चाहे वह कुछ भी हो। लेकिन यह गैर-सरकारी और गैर-राजनीतिक ढांचे में बातचीत की आवश्यकता को समाप्त नहीं करता है। न्यायिक मार्ग और बातचीत का विकल्प एक-दूसरे को बाहर नहीं करते, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं।

उन्होंने भारतीय लोकाचार का खूबसूरती से वर्णन किया था कि भारत अपने सभी नागरिकों और समुदायों का समान रूप से है, न किसी का ज्यादा और न किसी का कम। साथ ही, हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करना और देश की प्रगति में योगदान देना सभी नागरिकों और समुदायों का समान कर्तव्य है। हाल के दिनों में, अपने अधिकारों पर कम और अपने कर्तव्यों पर कम ध्यान देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसे बदलना होगा। अपने लंबे इतिहास में, भारत की एकता धर्मनिरपेक्षता के लोकाचार से पोषित हुई है जो उसके सभी लोगों को न केवल एक-दूसरे के रीति-रिवाजों, परंपराओं और मान्यताओं को सहन करना सिखाता है, बल्कि उनका सम्मान भी करता है। आपसी सहिष्णुता और समझ से सद्भावना और सहयोग बढ़ता है, जो बदले में हमारी राष्ट्रीय एकता के रेशमी बंधन को मजबूत करता है। धर्मनिरपेक्षता कोई विदेशी अवधारणा नहीं है जिसे हमने आज़ादी के बाद मजबूरी में आयात किया हो। बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय संस्कृति और लोकाचार की एक अभिन्न और प्राकृतिक विशेषता है।

22 जनवरी 2024 को, वाजपेयी का एक और सपना भी पूरी तरह से साकार हो गया जब अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया । इस अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं और प्रतिष्ठित लोगों के अलावा 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के उपस्थित रहे थे । इस सपने के साकार होने के साथ ही अब वाजपेयी का चौथा सपना फोकस में होगा। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उचित समय और स्थान की जरूरत है।

वाजपेयी का एक और सपना अभी तक अधूरा सपना भारतीय संविधान के निदेशक सिद्धांतों में से एक है, यानी पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का कार्यान्वयन। बीजेएस के दिनों से ही, वाजपेयी अपनी पार्टी के अन्य सहयोगियों और साथियों के साथ इस मुद्दे की वकालत करते रहे हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार सरकार से इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने को कहा है। अब भारत सरकार को आखिरी फैसला लेना है। अगले छह महीनों के एजेंडे में यह माना जाता है कि यूसीसी का कार्यान्वयन अगली सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम बना हुआ हैं ।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# खरगोन पहुंचे राज्यपाल मंगुभाई, आजीविका मिशन प्रदर्शनी देखी, शिवलिंग व महेश्वरी साड़ियां देखीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●राज्यपाल मंगुभाई पटेल मंगलवार को खरगोन के पानवा पहुंचे। उन्होंने मध्य प्रदेश आजीविका मिशन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल ने स्टॉल पर नर्मदा के शिवलिंग, महेश्वरी साड़ी सहित जैविक और आयुर्वेदिक उत्पादों को देखा। उन्होंने सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और कलेक्टर भव्या मित्तल से इन उत्पादों की जानकारी भी ली।

इसके बाद राज्यपाल स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए। उन्होंने सिकलसेल मरीजों को प्रमाण पत्र और क्षय रोगियों को आहार किट वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि किसी भी मरीज की सेवा करना सौभाग्य की बात है, और यदि हम सेवा करते हैं तो परमात्मा द्वारा वह हमें किसी न किसी रूप में वापस मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि शिविर में एक भी सिकलसेल मरीज का न मिलना सौभाग्य की बात है।



### पीएम आवास हितग्राही के घर पहुंचे

राज्यपाल प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही अनुबाई मेवाडे के आवास पर भी पहुंचे। उन्होंने हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। खल बुजुर्ग निवासी अनुबाई मेवाड़े के प्रधानमंत्री आवास पर राज्यपाल ने भोजन किया।

### भोजन में उन्हें मक्का की रोटी और अमाडी की भाजी परोसी गई।

शिविर में लगभग 2000 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मने, एसपी रवींद्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह, सीएमएचओ डॉ डीएस चौहान सहित विभागीय अफसर और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं का अल्टीमेटम, 4 महीने से पैसा नहीं मिला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले के सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने शासन को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। पिछले चार महीने से भुगतान न मिलने से नाराज महिलाओं ने पूरे जिले और प्रदेश में 'चूल्हा बंद' अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। महिलाओं का कहना है कि शासन की पोषण योजनाएं उन्हीं के भरोसे चल रही हैं, लेकिन लगातार चार माह से भुगतान नहीं होने के कारण हजारों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन की बेरुखी के चलते अब स्कूलों में बच्चों का खाना बंद होने की नौबत आ गई है। समूह की महिलाओं ने बताया कि बच्चों का भोजन प्रभावित न हो, इसके लिए उन्होंने अपनी निजी



बचत खत्म कर दी और कर्ज लेकर काम चलाया। राशन उधार लेने के चलते उन पर कर्ज बढ़ गया है। हालात यह हैं कि कर्जा चुकाने और राशन लाने के लिए कई महिलाओं ने अपने मंगलसूत्र और जेवर तक गिरवी रख दिए हैं। आर्थिक दबाव इतना बढ़ गया है कि अब आगे भोजन बनाना संभव नहीं है। स्व-सहायता समूहों ने बताया कि बर्तन मद की राशि भी अब तक पूरी तरह आवंटित नहीं की गई है। इससे कई स्कूलों और आंगनवाड़ियों में न तो खाना बनाने का सामान है और न ही परोसने के लिए बर्तन। पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। महिलाओं ने मांग की है कि लंबित भुगतान के लिए तत्काल एक तारीख घोषित की जाए। अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ तो 22 दिसंबर से खंडवा जिले में चूल्हा बंद हड़ताल करना उनकी मजबूरी होगी। हड़ताल से होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई प्रभात फेरी, संगत ने लगाए 'सतनाम वाहेगुरु' और 'जो बोले सो निहाल' के जयकारा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● बड़वाह में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा मंगलवार को आठवें दिन प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि प्रभात फेरी मंगलवार सुबह गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुई। संगत ने 'बोले सो निहाल' के जयकारों के साथ इंदौर रोड, निर्मल एवेन्यू और तारा नगर से होते हुए आदर्श कॉलोनी स्थित मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद प्रभात फेरी केशर विहार कॉलोनी से होकर पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंची। मार्ग में जगह-जगह संगत और नागरिकों द्वारा प्रभात फेरी का स्वागत किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।



इस धार्मिक अनुष्ठान में मुकतसर (पंजाब) से पधारे भाई गुरप्रीत सिंह जी के रागी जत्थे ने विशेष प्रस्तुति दी। जत्थे द्वारा 'वाह-वाह गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला' शबद का गायन किया गया, जिससे संगत भाव-विभोर हो उठी। समिति के सचिव सरदार मनप्रीत सिंह एवं सरदार सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि पिछले आठ दिनों से निरंतर चल रही प्रभात फेरियों का समापन बुधवार को नौवें दिन किया जाएगा।

**बड़ी संख्या में संगत रही शामिल-** आज की प्रभात फेरी में भाई बुध सिंह, रंदीप सिंह, रमनदीप सिंह, लवलीन सिंह, अजीत सिंह एवं मीडिया प्रभारी सरदार परविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग (संगत) शामिल हुए। मीडिया प्रभारी सरदार परविंदर सिंह ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित मुख्य आयोजन 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विशेष दीवान सजाए जाएंगे तथा संगत के लिए लंगर का आयोजन किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर जज बताकर फ्रेंडशिप...एक साल तक किया रेप, आरोपी लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● 30 वर्षीय महिला सोशल मीडिया पर बने रिश्ते के जाल में फंस गई। आरोपी ने खुद को राजस्थान हाईकोर्ट का जज बताकर महिला से दोस्ती की। फिर शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक उसका शारीरिक शोषण किया। जब महिला को सच्चाई पता चली कि वह कोई जज नहीं, बल्कि उदयपुर का रहने वाला एक लॉ स्टूडेंट है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर खंडवा पुलिस ने आरोपी जयकिशन (29) को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

### राजस्थान हाईकोर्ट का जज बताता था

पीड़िता के मुताबिक, उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए उदयपुर निवासी जयकिशन से हुई थी। आरोपी ने अपनी प्रोफाइल और बातचीत में खुद को राजस्थान हाईकोर्ट का जज बताया। लगातार बातचीत के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और रिश्ता प्यार में बदल गया। रिलेशनशिप के दौरान आरोपी अकसर खंडवा आता-जाता रहा। उसने शादी का वादा किया और इसी बहाने महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म करता रहा। यह सिलसिला करीब एक साल तक चला। जब महिला को उसकी



असलियत का पता चला कि वह अभी लॉ की पढ़ाई कर रहा है, तो उसने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी एक सीरियल धोखेबाज है। वह सोशल मीडिया के जरिए राजस्थान में भी 15 से ज्यादा लड़कियों को अपने जाल में फंसा चुका है। कभी खुद को बड़ा अधिकारी बताकर नौकरी दिलाने का झांसा देता था तो कभी शादी का वादा कर उनका शारीरिक शोषण करता था। बदनामी के डर से अब तक किसी भी पीड़िता ने शिकायत नहीं की थी। खंडवा पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ करेगी और उसकी पूरी प्रोफाइल राजस्थान पुलिस के साथ साझा की जाएगी।

# महाराणा प्रताप कबड्डी अकादमी: बिजलपुर वंडर्स ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● महाराणा प्रताप कबड्डी अकादमी द्वारा हाल ही में 75 किग्रा जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया।



### विजेता टीमें

**प्रथम विजेता:** बिजलपुर वंडर्स, बिजलपुरा

**द्वितीय विजेता:** विक्रम स्पोर्ट्स क्लब मुख्य अतिथि एवं गरिमामयी

**उपस्थिति:** प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संतोष सिंह गौर (अध्यक्ष, पूर्व पार्षद एवं MIC मेंबर ) रहे, जिनकी विशेष उपस्थिति में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर कबड्डी संघ के कार्यकारी सचिव मुकेश करवरे, अशोक मिश्रा, रामप्रकाश गौतम, बृजेश बागोरा, प्रकाश गौड, संतोष चौधरी, उपाध्यक्ष धीरज साहू, उपाध्यक्ष ऋषभ संतोष सिंह गौर, आकाश गौड, भगवान बाऊ, योगेश साहू, लक्ष्मण गीते, भागीरथ जरिया, दुष्यन्त शर्मा, राजेश गौड़, विजय पटेल और कोच राहुल मिश्रा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फिल्म 'मैसा' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' पहली झलक रिलीज होगी। फिल्म 'मैसा' को अनफॉर्मूला फिल्म्स के तले प्रोड्यूस किया जा रहा है। इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और निर्देशित किया हैये प्रोजेक्ट जल्द ही फ्लोर पर जाने वाला है। मेकर्स ने फिल्म 'मैसा' का नया पोस्टर जारी किया, जिसे देखकर फैंस में एक्साइटमेंट और ज्यादा बढ़ गई है। यह फिल्म एक फीमेल-लीड पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसका फर्स्ट लुक 24 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इस अपकमिंग मूवी में रश्मिका एक पावरफुल और ट्रांसफॉर्मेटिव अवतार में नजर आएंगी, जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जख्मों से ताकत तक. दर्द से मुक्ति तक। दुनिया सरिमेंबरदनेम समैसा को याद रखेगी। पहली झलक 24.12.25 को. रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में देखने के लिए बने रहें।' पोस्टर में रश्मिका एक दमदार और प्रभावशाली अवतार में नजर आ रही हैं। उनके एक हाथ में हथियार है, जबकि दूसरे हाथ में हथकड़ी। उन्होंने कुर्ता और दुपट्टा पहना है, जो खून से सना हुआ है।






## मध्यप्रदेश स्टेट सीनियर हॉकी चैंपियनशिप आज से बालाघाट मे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला व सहसचिव मो याकुब अंसारी ने बताया कि हॉकी मध्यप्रदेश द्वार दिनांक 24 दिसंबर 2025 से बालाघाट मे मध्यप्रदेश स्टेट सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजित की गई है प्रतियोगिताएं नॉकआउट पद्धति से खेली जाएगी प्रतियोगिता के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का मध्य प्रदेश टीम के लिए चयन किया जाएगा। चयनित टीम आगामी वर्ष 2026 मे आयोजित राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप मे भाग लेगी। स्टेट चैंपियनशिप मे प्रदेश की प्रमुख 33 टीम भाग लेगी । स्टेट चैंपियनशिप मे हॉकी इंदौर एसोसिएशन की टीम भी भाग ले रही है हॉकी इंदौर टीम का पहले मैच दिनांक 25 दिसंबर को सुबह 10:30 सागर टीम से होगा 18 सदस्यीय टीम की घोषणा हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मन्दौला ने की ।

## नेशनल खेल प्रतिस्पर्धा में परिवहन समिति के सराहनीय योगदान के लिए प्राचार्य व सदस्यों का सम्मान




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● 29 नवम्बर से 21दिसंबर तक एसजीएफआई द्वारा संचालित राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली परिवहन समिति के हेड (नोडल अधिकारी) प्राचार्य श्री एस एन कोगे, श्री पारितोष गुप्ता व सदस्यों के सराहनीय प्रयास के लिए डेली कॉलेज में संपन्न क्लोज़िंग सेरेमनी में उनका सम्मान किया गया। राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतिस्पर्धा की प्रचार -प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार एवं श्री अनुराग तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया किगत दिनों स्कूल गेम्स फेडरेशनऑफ इंडिया के तत्वावधान में इंदौर की मेजबानी में संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती अनीता चौहान एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शांता स्वामी भार्गव की आगवानी में राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें अलग-अलग समितियों का गठन विभागीय स्तर पर किया था। सभी समितियों के प्रमुख एवं सदस्यों द्वारा अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया गया।

राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर डीईओ डॉ शांता स्वामी भार्गव, डेली कॉलेज के प्रेसिडेंट विक्रम सिंह पंवार व डीएसओ सुनील अवस्थी ने परिवहन समिति के नोडल अधिकारी शिवनारायण कोगे, पारितोष गुप्ता सहित अन्य सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर समस्त समितियों के प्राचार्य सदस्य सहित प्रख्यात मंच संचालक श्रीमती सुनयना शर्मा, एस एस मौर्य, विपिन जोशी, जितेंद्र परमार, गिरीश तेजवानी, विशाल नामदेव, राकेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

## शादी की सालगिरह मना रही टिस्का चोपडा ने साझा की यादें

**मुंबई (एजेंसी)** ●अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा पति संजय चोपड़ा के साथ शादी की सालगिरह मना रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए इस खास मौके पर टिस्का चोपड़ा ने अपने वैवाहिक जीवन की झलक साझा की और पति को बेहद प्यार भरे अंदाज में एनिवर्सरी की बधाई दी। अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। टिस्का चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति संजय चोपड़ा के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों के बीच की मजबूत बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आती है। कहीं दोनों मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं तो कहीं एक-दूसरे को गले लगाते हुए। इन तस्वीरों के साथ टिस्का ने एक भावुक और सादा सा कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपने रिश्ते की खूबसूरती बयां की। उन्होंने लिखा कि वे आज भी साथ में नाचते हैं, कभी-कभी हल्की नोक-झोंक होती है और वे अब भी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हैं। इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस और सेलेब्स ने कमेंट सेक्शन में दंपति को ढेरों शुभकामनाएं दीं।



# उज्जैन संभाग

## नागर ब्राह्मण समाज के समारोह में करेंगे 180 प्रतिभाओं का सम्मान

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● नागर ब्राह्मण समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 24 और 25 दिसंबर को कालिदास अकादमी के सूर्यनारायण व्यास संकुल में होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत समाज की 180 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति में नृत्य और फैंसी ड्रेस, श्लोक पाठ आदि की प्रस्तुति होगी। समिति सचिव अशोक व्यास ने बताया यह आयोजन 48वें वर्ष होगा। इसके अंतर्गत 24 दिसंबर को सुगम संगीत कार्यक्रम होगा। इसमें समाज की गायन प्रतिभाएं प्रस्तुति देंगी। इसमें श्लोक पाठ, फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिता होंगी। 25 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इसमें नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर और अन्य विधाओं की लगभग 180 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## मक्सी रोड मंडी में अतिक्रमण करने वालों को सख्ती से हटाने के निर्देश

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● मक्सी रोड स्थित सब्जी मंडी के बाहर फैली अव्यवस्थाएं देख सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा नाराज हो गए। दुकान लगाने के लिए बनाए गए ओटलों से आगे दूर तक फैले अतिक्रमण को उन्होंने सख्ती से हटाने के निर्देश भी दे डाले। निगम आयुक्त मिश्रा ने निर्देश दिए कि सब्जी मंडी परिसर के अंदर और बाहर जितने भी अवैध रूप से ठेले, चाय की गुमटियों, दुकान संचालित हैं उन्हें सख्ती से हटाया जाए, क्योंकि रोड तक ठेले खड़े होने से आवागमन अवरुद्ध होता है और सफाई व्यवस्था भी नहीं हो पाती। साथ ही मंडी परिसर के जो ओटले निर्धारित किए हैं, उसी में व्यापार किया जाए। ओटले से बाहर बैठने वालों को हटाया जाए।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभागों को नोटिस देंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें जिन विभागों ने नियमित रूप से अटेंड नहीं की उन्?हें नोटिस जारी किए जाएं। और वे विभाग जहां 300 दिन से अधिक की लंबित शिकायतें हैं और निराकरण संतुष्टि के साथ नहीं किया गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ये निर्देश कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने दिए। वे सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन में टीएल मीटिंग ले रहे थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान उन्होंने ये भी कहा कि जो विभाग टॉप टेन में नहीं हैं वे रैंक में प्रगति लाएं। 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण जल्द करें। एसआईआर से जुड़े कामों को लेकर उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। मीटिंग में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा आदि मौजूद रहे। ट्सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने वाले कार्रवाई के दायरे में आएंगे। टीएल मीटिंग में इस संबंध में निर्देश दिए हैं। - रोशन कुमार सिंह, कलेक्टर कई विभागों के पास 300 दिन की पेंडिंग शिकायतें सीएम हेल्प लाइन से जुड़ा सरकारी रिकॉर्ड बताता है कि जिले में कुल 580 शिकायतें 300 दिन से अधिक की पेंडिंग वाली हैं। इनमें भी पुलिस (गृह), राजस्व और महिला एवं बाल विकास सहित कई विभागों की सर्वाधिक है। य?ही नहीं 15 दिसंबर की स्थिति में राजस्व विभाग की इन पेंडिंग शिकायतों का आंकड़ा 128 था जो अब बढ़कर 144 तक पहुंच गया। ये हालात भी तब है जब कलेक्टर रोशन कुमार सिंह हर बार टीएल मीटिंग में समीक्षा कर पेंडिंग शिकायतों के निराकरण के निर्देश देते आ रहे हैं। बहरहाल सोमवार को हुई बैठक में कलेक्टर द्वारा दी गई चेतावनी का यदि पालन हुआ तो भी कई विभाग कार्रवाई के दायरे में आ जाएंगे।

## अधिक उत्पादन की होड़ ने रासायनिक खेती के लिए मजबूर किया : हुकुमचंद

दैनिक इंदौर संकेत

**आगर - मालवा** ●भारतीय किसान संघ द्वारा जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन नवीन कृषि उपज मंडी में किया गया। बैठक में अखिल भारतीय अधिकारी हुकुमचंद पाटीदार ने सभी पदाधिकारी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अधिक उत्पादन की होड़ ने किसानों को रासायनिक खेती करने के लिए मजबूर किया है। रासायनिक खेती के परिणाम सामने आने लगे है। कैंसर, ब्लड प्रेशर, शुगर, लकवा जैसे कई बीमारियां बढ़ रही है। समय आ गया है कि हम परंपरागत ज्ञान पर आधारित कृषि को अपनाए, जिससे हमारी लागत तो कम होगी। साथ ही गुणवत्तापूर्ण अनाज हमको मिल सकेगा। नहीं तो आने वाले समय में ना कृषि बचेगी, ना धरती और ना ही देश की जनता बचेगी। क्योंकि वर्तमान में धरती का जैविक कार्बन 0.03 प्रतिशत हो गया है। प्रांतीय महामंत्री रमेश दांगी ने संबोधित करते हुए संगठन की रीति-पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामनारायण तेजर ने जिले का व्रत दिया। बैठक में डूंगरसिंह सिसोदिया, सीताराम प्रजापति, प्रमोद जोशी, उमेश पाटीदार, जगदीश सिंह चौहान, धारासिंह झाला, रमेश लववंशी, बनेसिंह यादव, सुल्तान सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार सखी सहेली फाउंडेशन ने किया महिलाओं का सम्मान



दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● स्वर्णकार सखी सहेली फाउंडेशन ने महिलाओं का सम्मान किया। यह संस्था हर वर्ष ऑनलाइन प्रतियोगिता से महिलाओं को जोड़ती है। इस बार कार्यक्रम निजी होटल में जुड़ो और जोड़ो थीम पर आयोजित हुआ, जिसमें इसमें प्रदेशभर से आई सखियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर, क्विज, नृत्य और संगीत की प्रस्तुति हुई। अध्यक्ष सुधा सोनी ने बताया कार्यक्रम में सुनीता उपाध्याय, रीटा उपाध्याय, किरण, रूपम, श्वेता, सुचिता, सलोनी, कृष्णी, पूजा, शिवानी और मीडिया प्रभारी विजया आदि मौजूद थीं।

## सेवाधाम आश्रम गिव इन बैक का श्रेष्ठ उदाहरण -बीएल संतोष

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● सेवाधाम आश्रम में जो लोग दुख लेकर आए थे, वे अब सक्षम होकर सेवा में लगे हैं। जिनके शरीर से कीड़े निकाले गए, वे आज सेवा में लगे हैं। यह संस्था लावारिसों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ रही है। यह गीव इन बैक की भावना का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है। यह बात सेवाधाम आश्रम में आया?जित द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कॉन्फ्रेंस के समापन अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष ने कही। इस अवसर पर सुधीर भाई ने डिडवानिया रतनलाल अवेदना केंद्र, सत्यवती महिला प्रकल्प, आनंद करूणालय, हेम वज्र विश्रांति गृह और चांदनी मतलानी विद्या विहार में दिव्यांग वाहिनी का शुभारंभ किया। विशेष बच्चों ने मलखंभ का प्रदर्शन किया। कांफ्रेंस के अध्यक्ष भरत भाई पाटनी, सह अध्यक्ष अशोक अवस्थी, संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, विधायक चिंतामणि मालवीय, अनिल जैन कालूहेड़ा और भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बीएल संतोष को मालवी पगड़ी, दुपट्टा और सम्मान चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर ने बताया अंकित शाह, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, कौशल प्रताप सिंह, बाला कुमार थंगावेलु, जीतू भाई पटेल, मेहुल संघवी, शुभम पाल सिंह, डॉ. देबायन सरकार, पूर्व न्यायाधीश एमआर पांडे, स्वामी सदाविद्यानंद सरस्वती, दीपक सिद्धा, सुभाष जैन, डॉ. सचिन गोयल, परमजीत सिंह बडोला, पंकज कुमार झा, चिराग शास्त्री सहित कई समाजसेवी, शिक्षाविद, चिंतक, शोधार्थी और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने विचार साझा किए। सभी अतिथियों का स्वागत मालवी पगड़ी, और महाकाल स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कॉफ्रेंस के पश्चात सेवाधाम आश्रम के रहवासियों से मुलाकात करते अतिथि।



## नशा मुक्ति केंद्र की समिति में फर्जीवाड़ा, संचालक ने परिवार के ही छह लोगों को इसमें सदस्य बना रखा था

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● बलपूर्वक दवा खिलाने के दौरान पिटाई से युवक की मौत के मामले में फरार नव मानस नशा मुक्ति केंद्र का संचालक उमेश वैष्णव पकड़ा गया है। उसने नशा मुक्ति के नाम पर यातना व फर्जीवाड़े का केंद्र खोल रखा था। पुलिस जांच में इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने नियम खंगाले तो पता चला कि नशा मुक्ति केंद्र की समिति तक में फर्जीवाड़ा है। संचालक वैष्णव ने गैर लोगों की बजाय घर के छह लोगों को सदस्य बना रखा था। नियमों की बात करें तो नशा मुक्ति केंद्र की समिति व संचालन में सात सदस्यीय समिति बनाना होती है, जिसके आधार पर ही भोपाल मनोचिकित्सा विभाग व सामाजिक न्याय विभाग मान्यता देते है लेकिन संचालक वैष्णव ने नशा मुक्ति केंद्र ही फर्जीवाड़े तरीके से खोला हुआ था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने कई गड़बड़ी दस्तावेजों की जांच में पकड़ी है व सामाजिक न्याय विभाग भोपाल की डिप्टी डॉयरेक्टर विजया शकवाल और उज्जैन संयुक्त संचालक सतीश सोलंकी को बताई है। इसके बाद उक्त विभाग ने तय किया है कि नव मानस नशा मुक्ति केंद्र आगे संचालित नहीं हो पाएगा व उसमें भर्ती मरीजों को अन्यत्र नशा मुक्ति केंद्र में शिफ्ट करेंगे। इधर समाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सतीश सोलंकी ने कहा कि अभी पुलिस विवेचना कर रही है। इसलिए कार्रवाई भी उन्हीं की तरफ से की जा रही है। पुलिस की ओर से अभी हमें कोई पत्र नहीं मिला हैं।

# नगर निगम 7.30 लाख खातों में संपत्तिकर वृद्धि के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश पर शासन ने की सुनवाई

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम द्वारा संपत्तिकर में की गई बढ़ोतरी और स्लैब में बदलाव से आए टैक्स के बोझ के खिलाफ भोपाल में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के आदेश पर यह सुनवाई नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा की गई। इसमें शहर की 1200 कॉलोनियों के लाखों रहवासियों पर आ रहे संपत्तिकर के बोझ का मुद्दा उठाया गया था।

### इनके द्वारा लगाई गई थी याचिका

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पूर्व पार्षद दिलीप कौशल की याचिका लगी थी। इसमें सुनवाई के निर्देश हुए थे। कौशल एवं अभिभाषक जयेश गुरनानी ने अवर सचिव शैलेंद्र सिंह की सुनवाई में इंदौर के लाखों करदाताओं के पक्ष में सुनवाई के दौरान तथ्य रखे। दोनों ने मंगलवार 23 दिसंबर को मंत्रालय पहुंचकर संपत्तिकर वृद्धी के प्रस्ताव को निरस्त कर इंदौर के 7.35 लाख संपत्तिकर खातो में लगाए गए अतिरिक्त कर को वापस लेने की मांग की।

### सुनवाई के दौरान यह रखे गए तर्क

इसमें बताया गया कि साल 2020 में मध्यप्रदेश सरकार ने राजपत्र जारी कर प्रत्येक जिले में संपत्तिकर लेने / बढ़ाने के लिये जिला कलेक्टर द्वारा मौजूदा वित-




वर्ष में निर्धारित की गई गाईड-लाईन अनुसार संपत्तिकर निर्धारण करने के नियम बनाए थे।

लेकिन इंदौर नगर निगम बीजेपी परिषद ने नियम को दरकिनार कर पूर्व की संपत्तिकर दरों में सीधे 10% की वृद्धि कर दी। इससे नगरीय क्षेत्र की 923 कालोनियां सीधे तौर पर प्रभावित हुई। जबकि वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 की कलेक्टर गाईड-लाईन में उक्त 923 कालोनियों में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई।

वहीं 146 नवीन कालोनियों का मूल्यांकन भी प्रथम बार किया गया, इसलिए यहां भी बढ़ोतरी करना अनुचित था। साथ ही तथा 184 कालोनियों की गाईड-लाईन में 0% से 10% तक वृद्धि होने के बावजूद सभी पर एक जैसा 10% संपत्तिकर बड़ा दिया गया।

### किसी भी करदाता की आपत्ति नहीं सुनी

यह भी तर्क रखे गए कि इंदौर नगर निगम परिषद् द्वारा संवेधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं करके प्रत्येक करदाता के मौलिक अधिकारों का हनन किया। किसी भी करदाता को सुनवाई का अवसर नहीं देकर संपत्तिकर राशि की निर्धारण स्लैब को बदला गया जिससे इंदौर के करदाताओ पर 25% से 50% तक का अतिरिक्त भार पड़ा है।

### इस तरह उदाहरण देकर बताया बोझ

कौशल एवं अभिभाषक जयेश गुरनानी ने इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आने वाली विभिन्न कालोनियों का उदहारण (नमूना) देकर बताया गया। साल 2024-2025 के मुकाबले इस वितीय वर्ष 2025-2026 में कलेक्टर द्वारा निर्धारित गाईड लाईन में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं होने के बाद भी नगर निगम परिषद् ने समान्तर 10% संपत्तिकर बढ़ाकर 1200 कालोनियों पर अधिक संपत्तिकर थोपा।

## न्यूज ब्रीफ

### वंदे भारत में खराब सीट की शिकायत सोशल मीडिया पर आई

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● देश की प्रीमियम ट्रेनों में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खामियों की शिकायत सामने आई है। इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री ने सीट खराब होने की शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई, जिसके बाद रेलवे ने मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सोमवार सुबह 6:10 बजे इंदौर से नागपुर के लिए रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री निलेश वाघमारे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत पोस्ट की। उन्होंने बताया कि ष्ट-14 कोच में उनकी सीट नंबर 9 रिक्लाइन नहीं हो रही थी, जिससे पूरी यात्रा असहज हो गई। यात्री ने कहा कि वंदे भारत जैसी ट्रेन में यात्रा के लिए भारी किराया चुकाने के बावजूद सीट जैसी बुनियादी सुविधा का खराब होना निराशाजनक है। करीब 8 घंटे की यात्रा सीट सही से काम न करने के कारण परेशानी भरी रही। शिकायत में रेलवे की आधिकारिक सेवा को टैग किए जाने के बाद रेलवे ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और रतलाम डीआरएम को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### स्कीम 113तोड़ने के मामले में इंदौर हाईकोर्ट की अंतरिम राहत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर हाईकोर्ट ने स्कीम नंबर 113 से जुड़े ध्वस्तीकरण के मामले में याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत दी है। दरअसल, नगर निगम जोन-7 के भवन अधिकारी को वार्ड क्रमांक 32 स्थित स्कीम नंबर 113 में अवैध निर्माण को लेकर एक आवेदन प्राप्त हुआ था। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए भवन अधिकारी ने कुछ निर्माणाधीन भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किया। भवन अनुमति, स्वीकृत नक्शे और मौके पर हुए निर्माण की जांच के बाद अधिकारी ने निर्माणाधीन मकानों में नक्शे के विपरीत निर्माण पाए जाने की बात कही। इसके बाद भवन अधिकारी ने उक्त निर्माण को 15 दिनों के भीतर तोड़ने का आदेश पारित कर दिया।

# प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को राहत : प्रदेश में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था बरकरार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● प्रदेश के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में सिर्फ पांच दिन ही कार्य दिवस रहेंगे। लंबे समय से यह चर्चा थी कि इस व्यवस्था में बदलाव हो सकता है, लेकिन फिलहाल सरकार ने इसे जारी रखने का निर्णय किया है। इससे कर्मचारियों को राहत मिली है।

कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण रोकने के उद्देश्य से सप्ताह में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था लागू की गई थी। महामारी खत्म होने के बाद भी यह व्यवस्था प्रभावी बनी रही। फिलहाल शनिवार और रविवार को शासकीय अवकाश रहता है।

वर्ष 2020 से पहले कार्यालयों में दूसरे और तीसरे शनिवार को काम होता था। पहले और चौथे शनिवार को अवकाश रहता था। कोरोना काल में लागू नई व्यवस्था ने पूरे सिस्टम को बदल दिया, जिसे अब यथावत रखा गया है। अवकाश व्यवस्था पर पुनर्विचार के लिए सामान्य प्रशासन, वित्त,



गृह और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई है। समिति का उद्देश्य स्वैच्छिक अवकाश सहित कर्मचारियों को मिलने वाली अन्य छुट्टियों की समीक्षा करना है। वर्ष 2026 के लिए शासकीय अवकाश घोषित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा समय-समय पर घोषित ऐच्छिक अवकाशों को शामिल कर अंतिम सूची तैयार की गई है। सूत्रों के अनुसार, अवकाश सूची में सप्ताह में छह कार्य दिवस की व्यवस्था को दोबारा लागू करने का कोई प्रस्ताव शामिल नहीं है। यानी पांच दिन कार्य प्रणाली आगे भी जारी रहेगी। कर्मचारियों का कहना है कि वे मौजूदा व्यवस्था के अभ्यस्त हो चुके हैं। ऐसे में बदलाव का कोई ठोस औचित्य नहीं बनता। कर्मचारी संगठनों ने भी पांच कार्य दिवस प्रणाली को बनाए रखने की मांग की है।

**चाइल्ड केयर लीव के नए प्रावधान**-संशोधित नियमों के तहत संतान पालन अवकाश के पहले 365 दिन पूर्ण वेतन के साथ मिलेंगे। दूसरी अवधि में 80 प्रतिशत वेतन का भुगतान होगा। 18 वर्ष तक के बच्चे के लिए यह अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा।

### दशहरा से पहले छुट्टी का प्रस्ताव क्यों लौटा

दशहरा से एक दिन पहले भोपाल में शासकीय अवकाश का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने भेजा था। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसे आगे बढ़ाया, लेकिन मुख्य सचिव की स्वीकृति नहीं मिल सकी। अक्टूबर में पहले से ज्यादा छुट्टियां होने के कारण शासकीय कामकाज प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी।

### अवकाश नियमों में बड़ा संशोधन

प्रदेश में लागू मध्य प्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 में संशोधन किया गया है। ये नए नियम एक जनवरी 2026 से प्रभावी होंगे और मौजूदा जरूरतों के अनुसार बनाए गए हैं।

# पुलिसकर्मियों के मोबाइल हैक कर ठगी का नया तरीका

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर में साइबर ठगों ने लोगों को ठगने का एक नया और गंभीर तरीका अपनाते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन हैक कर लिए। हैरानी की बात यह है कि इन हैक किए गए मोबाइल फोन के कंटेंट में मौजूद परिजनों, परिचितों और अन्य लोगों को ठगों ने एपिक फाइल के रूप में वाहन चालान की कॉपी भेजी और उसे डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस फाइल को डाउनलोड करते ही कई लोग साइबर ठगी का शिकार हो गए। यह मामला इंदौर में पहली बार सामने आया है, जब सीधे पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन को निशाना बनाकर आम लोगों से ठगी करने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार चंदन नगर, आजादनगर और लसूड़िया थाना क्षेत्र में पदस्थ एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन हैक किए गए। ठगों ने इन मोबाइल नंबरों से उनके संपर्क में मौजूद लोगों को संदेश भेजे, जिससे लोगों को संदेश की प्रामाणिकता पर संदेह नहीं हुआ और उन्होंने फर्जी एपीके फाइल डाउनलोड कर ली। एपिक फाइल के जरिए मोबाइल में मैलवेयर इंस्टॉल हो गया, जिससे ठगों को बैंकिंग जानकारी, ओटीपी और अन्य संवेदनशील डाटा तक पहुंच मिल गई। इसके बाद पीड़ितों के खातों से पैसे निकाल लिए गए। कई मामलों में ठगी की रकम हजारों से लेकर लाखों रुपये तक बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने स्वयं शिकायत दर्ज कराई हैए जिसके आधार पर साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल फोन किस माध्यम से हैक किए गए और इसके पीछे किस गिरोह का हाथ है। शुरुआती जांच में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह की आशंका जताई जा रही है। इधर, पुलिस ने साइबर ठगी की इस नई करतूत को देखते हुए आम जनता और पुलिसकर्मियों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा गया है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध एपिक फाइल को डाउनलोड न करें, चाहे वह किसी परिचित या सरकारी नंबर से ही क्यों न आई हो।

# चालान से बचने के लिए लगवा ली फर्जी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, आरटीओ ने पकड़ा

### शहर में कई जगह बन रही फर्जी नंबर प्लेट, अब पुलिस करेगी कार्रवाई

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● आरटीओ की कार्रवाई और चालान से बचने के लिए वाहनों में फर्जी और अमान्य एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगाने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को अचानक चलाए अभियान में आरटीओ ने 10 वाहन पकड़े। इन वाहनों पर असली दिखने वाली नंबर प्लेट लगी थी, लेकिन आरटीओ की जांच में यह फर्जी निकली। वाहन चालकों पर जुर्माना किया गया है और उन्हें



हिदायत दी गई है कि असली नंबर प्लेट लगाकर उसे सिस्टम पर अपडेट करवाएं।

आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमारी टीम ने पालदा के यहां पर चेकिग की। जांच के दौरान यह सामने आया कि कई वाहन मालिक चेकिग से बचने के लिए अनधिकृत विक्रेता से फर्जी एचएसआरपी प्लेट लगवा रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार एचएसआरपी प्लेट केवल वाहन डीलर के माध्यम से या अधिकृत वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिग कराकर ही लगवाई जा सकती है। परिवहन विभाग के अनुसार एचएसआरपी प्लेट सभी वाहनों पर अनिवार्य है, जिससे वाहन की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है और फर्जी नंबर प्लेट के जरिए अपराध करने वालों को पकड़ना आसान होता है। आज की कार्रवाई में एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में 10 वाहन मालिकों के चालान काटे गए। साथ ही सभी को निर्देश दिए गए कि वे जल्द अधिकृत संस्थानों से ही एचएसआरपी प्लेट लगवाएं, अन्यथा आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि नियमों का पालन करें और किसी भी तरह की फर्जी प्लेट का उपयोग न करें। 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों पर एचएसआरपी लगवाना अनिवार्य है। इसके बाद के वाहनों पर वाहन निर्माता कंपनी ही नंबर प्लेट लगाकर दे रही है।

### निगम आयुक्त ने कलाल कुई मस्जिद रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया

# चंद्रभागा से हरसिद्धि रोड को जोड़ने वाली सड़क कार्य में तेजी लाएं

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● आयुक्त दिलीप कुमार यादव द्वारा मंगलवार को प्रातः काल जोन क्रमांक 12 के अंतर्गत सड़क एवं विकास कार्य निर्माण के संबंध में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। आयुक्त यादव द्वारा कलाल कुई, रिवर फ्रंट, चंद्रभागा पुलिया, कंबल वाला रोड, हरसिद्धि एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा कलाल कुई क्षेत्र में वर्षा कल के दौरान होने वाले जल जमाव एवं जल निकासी के निराकरण के लिए किये जा रहे हैं कार्यों का



अवलोकन किया गया कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

**यातायात में सुगमता होगी, रोड की दूरी भी कम होगी**-इसके पश्चात चंद्रभागा पुल से कंबल वाले रोड से होते हुए पंढरी नाथ की ओर जाने वाले 18 मीटर की चौड़ाई के रोड निर्माण के संबंध में निरीक्षण किया गया। चंद्रभागा रोड से हरसिद्धि रोड को जोडने वाली लिंक सड़क निर्माण का निरीक्षण किया ओर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस लिंक रोड के बनने से चंद्रभागा रोड से सीध हरसिद्धि रोड पर पहुंचा जा सकेगा जिससे यातायात में सुगमता होगी रोड की दूरी भी कम होगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़क निर्माण की योजना के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# डिब्बा कारोबार, ऑनलाइन सट्टेबाजी में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री ने कमाए 404 करोड़, ईडी का चालान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री के खिलाफ चालान पेश कर दिया है। इसके साथ ही उनके करीबी तरुण श्रीवास्तव के खिलाफ भी चालान दाखिल किया गया है। यह चालान इंदौर ईडी स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश हुआ है। यह मामला अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी के गिरोह से जुड़ा है। इस गिरोह की गतिविधियां इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और दुबई में चल रही थीं। इस पूरे कारोबार से 404 करोड़ रुपए की कमाई की गई थी। ईडी ने इंदौर पुलिस की एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 319(2) और 318(4) के तहत दर्ज की गई थी। जांच में आरोपियों का मुंबई के एन.एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज केस से भी संबंध पाया गया था। यह केस आईपीसी की धाराओं 419, 420, 465, 468, 471, महाराष्ट्र जुआ निषेध अधिनियम और आईटी एक्ट की धाराओं 66(सी) और 66(डी) के तहत था। जांच में फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटें और हवाला का पूरा सिस्टम सक्रिय होने का पता चला था। ईडी की जांच में आया कि विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री इस नेटवर्क का मुख्य संचालक है। इसकी सहायता तरुण श्रीवास्तव ने की थी। यह दिन-प्रतिदिन के वित्तीय संचालन और फर्जी खातों को संभालते थे।

इस नेटवर्क में गोलू, तरुण के साथ-साथ श्रीनिवासन रामासामी ने फर्जी ट्रेडिंग और MT5 सर्वरों को कॉन्फिगर किया था। इसके अलावा, समानांतर सट्टेबाजी नेटवर्क में धवल देवराज जैन ने भूमिगत प्लेटफॉर्म LotusBook247 का संचालन किया। धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी ने ऑफशोर इकाई iBull Capital का प्रबंधन किया। निधि चंदनानी ने दुबई स्थित संरचनाओं के माध्यम से केश फ्लो और हेरफेर में सहायता की।

**404 करोड़ कमाया**-ईडी को जांच में यह पता चला कि ग्राहकों




को नकली ट्रेड दिखाए गए थे। V Money और 8Stock Height जैसे प्लेटफॉर्म पर ये ट्रेड बिना किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से किए गए थे। वहीं, LotusBook247 और 11Starss जैसे सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म गुमनाम खातों और एन्क्रिप्टेड संचार के जरिए चलाए जा रहे थे।

इन प्लेटफॉर्म्स का संचालन नकद-आधारित था। जांच में हेरफेर किए गए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों और अनियमित व्हाइट लेबल एप्लिकेशन से प्राप्त 404.46 करोड़ रुपए की आपराधिक आय का पता चला है। इसके बाद, ईडी ने 34.26 करोड़ रुपए की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की गई थी। इसमें 28.60 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां, 3.83 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां और 1.83 करोड़ रुपए बैंक या डीमैट खातों में थे। ईडी मुंबई ने जुलाई 2025 में डिब्बा कारोबारियों और ऑनलाइन सट्टेबाजों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई की लिंक इंदौर के कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री से जुड़ी थी। गोलू पर दिसंबर 2024 में इंदौर में ईडी ने छापे मारे थे। इसके बाद लसूडिया थाने में 9 जनवरी 2025 को एफआईआर भी हुई थी। इसी छापे और एफआईआर के आधार पर ही मुंबई में ईडी ने छापे मारे और डिब्बा कारोबार और दुबई लिंक पर बड़ी कार्रवाई की थी।

**गोलू ने 5 फीसदी हिस्सेदारी में लिए इसके एप**-दिसंबर 2024 में गोलू अग्निहोत्री और उनके मित्र तरुण श्रीवास्तव इस जांच के दायरे में आए थे। इसमें मिली अहम जानकारियों के बाद कई अवैध डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म्स की जांच ईडी ने शुरू कर दी थी। इन प्लेटफॉर्म्स का संचालन व्हाइट लेबल एप के जरिए किया जाता था। इसमें प्रॉफिट में हिस्सेदारी एप के एडमिन को दी जाती थी।

### ईडी ने 4.77 करोड़ की घड़ियां भी की जब्त

तलाशी के दौरान 5.21 करोड़ रुपए से अधिक नकद, 59.9 किलोग्राम चांदी की छड़ें जब्त की गईं। इसके साथ ही 100 ग्राम सोने की छड़ भी जब्त की गई। ईडी ने 1.94 करोड़ रुपए के आभूषण और 4.77 करोड़ रुपए की लग्जरी घड़ियां भी जब्त कीं। इसके अलावा, 41 लाख से ज्यादा की क्रिप्टोकरेंसी होल्डिंग्स को फ्रीज कर दिया गया। ये संपत्तियां गिरोह के सदस्यों के जरिए अपनी गैरकानूनी गतिविधियों के माध्यम से कमाई गईं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।